Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 21-02-2006

Participants : Munshiram Shri

Title : Need to conduct a CBI inquiry into the power distribution network in Bijnore Parliamentary Constituency with a view to ensure fair distribution in the region.

श्री मुन्शी राम (बिजनौर) : अध्यक्ष महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र बिजनौर की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है जिससे किसानों को प्रतिदिन 2-3 घंटे विद्युत की आपूर्ति एवं नगरपालिका पंचायत क्षेत्रों में प्रतिदिन 5 से 6 घंटे की विद्युत की आपूर्ति प्राप्त होती है। उत्तर प्रदेश के विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों को पत्र लिखने एवं फोन वार्ता करने के पश्चात भी कोई सुधार नहीं हो पा रहा है जबकि उत्तर प्रदेश में कुछ चंद क्षेत्रों में एवं बड़े उद्योगों को 20 घंटे प्रतिदिन से अधिक विद्युत आपूर्ति की जाती है। विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा उत्तर प्रदेश में की जा रही असमान विद्युत वितरण के विरूद्ध सी0बी0आइ0 से जांच करायी जाये, जिससे उत्तर प्रदेश के किसान एवं कमजोर वर्गो को विद्युत उपलब्धता में समान विद्युत वितरण के अनुसार विद्युत की आपूर्ति प्राप्त हो सके और विद्युत आपूर्ति का लाभ चंद क्षेत्रों को ही न मिल सके।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस विाय को गंभीरता से लेते हुए सी0बी0आइ0 से जांच करायें।

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : अध्यक्ष महोदय, हमारा तीसरा नम्बर था।

अध्यक्ष महोदय : आप छह बजे के बाद बोलिएगा।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय :रघुनाथ जी, आज सब कुछ जानते हैं।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : जीरो ऑवर स्पीचेज़ ले करने की कोई प्रथा नहीं है। I will not start a new bad practice.

...(व्यवधान)